# परीक्षा विभाग
# शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक/ 4270 /परीक्षा/2025 **(संशोधित)** दिनांक : 25.08.2025

## उत्तरपुस्तिका अवलोकन एवं पुनर्मूल्यांकन हेतु आवश्यक सूचना

सत्र 2024-25 अन्तर्गत महाविद्यालय में आयोजित **बी.एस-सी. एवं बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर मुख्य परीक्षा, बी.एस-सी. अष्टम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा, बी.एस-सी. एवं बीसीए द्वितीय सेमेस्टर मुख्य/एटीकेटी परीक्षा, एम.एस-सी. द्वितीय सेमेस्टर मुख्य/एटीकेटी परीक्षा, एम.एस-सी. चतुर्थ सेमेस्टर मुख्य/एटीकेटी परीक्षा, पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर मुख्य/एटीकेटी परीक्षा, पीजी डिप्लोमा इन योगा द्वितीय सेमेस्टर मुख्य परीक्षा, मई-जून 2025** के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके हैं। विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम का अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाइट **www.collegeholkar.org** में स्वयं की **Profile** पर जाकर कर सकते हैं। यदि किसी परीक्षार्थी के परीक्षा परिणाम, नामांकन क्रमांक, अनुक्रमांक, स्वयं के नाम, सरनेम, पिता के नाम, माता के नाम आदि में कोई त्रुटि हो तो वह तत्काल सादे कागज पर लिखित आवेदन में त्रुटियों का उल्लेख करते हुए परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में जमा करें ताकि उन त्रुटियों का निराकरण तत्काल निःशुल्क किया जा सकें।

1. उत्तरपुस्तिका का अवलोकन **(Answer Book Showing)** तथा उत्तरपुस्तिका का पुनर्मूल्यांकन **(Answer Book Revaluation)** के आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी। इस हेतु विद्यार्थी स्वयं की **Profile** पर जाकर संबंधित आवेदन कर सकते हैं।
2. एटीकेटी परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थी केवल उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन **(Answer Book Showing)** करा सकते हैं।
3. नियमित विद्यार्थी ही अपनी उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन **(Answer Book Showing)** एवं पुनर्मूल्यांकन **(Answer Book Revaluation)** करा सकते हैं।
4. उत्तरपुस्तिका अवलोकन शुल्क 200/- रूपये (प्रति उत्तरपुस्तिका) स्वयं की **Profile** पर **Paytm** द्वारा ही स्वीकार किया जाएगा। **SBI Collect** द्वारा जमा किया गया शुल्क मान्य नहीं होगा।
5. विद्यार्थी जिस प्रश्नपत्र की उत्तरपुस्तिका का अवलोकन कराना चाहते है उस प्रश्नपत्र का पूर्ण शीर्षक अंकसूची अनुसार अनिवार्य रूप से चयन करें। गलत प्रश्नपत्र का चयन करने पर विद्यार्थी स्वयं उत्तरदायी रहेगा।
6. उत्तरपुस्तिका के अवलोकन के लिए अंतिम दिनांक 27.08.2025 है। निर्धारित दिनांक के पश्चात् किसी भी विद्यार्थी का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।
7. नियमित विद्यार्थी जो अपनी उत्तरपुस्तिका का पुनर्मूल्यांकन कराना चाहते हैं वे अधिकतम दो प्रश्नपत्रों में पुनर्मूल्यांकन कर सकते हैं। गलत प्रश्नपत्र का चयन करने पर विद्यार्थी स्वयं उत्तरदायी रहेगा।
8. उत्तरपुस्तिका पुनर्मूल्यांकन शुल्क 500/- रूपये (प्रति उत्तरपुस्तिका) स्वयं की **Profile** पर **Paytm** द्वारा ही स्वीकार किया जाएगा। **SBI Collect** द्वारा जमा किया गया शुल्क मान्य नहीं होगा।
9. उत्तरपुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन के लिए अंतिम दिनांक 27.08.2025 है। निर्धारित दिनांक के पश्चात् किसी भी विद्यार्थी का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।
10. आधार पाठ्यक्रम (ओएमआर द्वारा संपादित परीक्षा) से संबंधित उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन एवं पुनर्मूल्यांकन नहीं कराया जाएगा।
11. विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिकाएँ दिखाए जाने संबंधी समय एवं दिनांक की जानकारी प्राप्त करने हेतु महाविद्यालय की वेबसाइट का प्रतिदिन अवलोकन करते रहें। यह जानकारी फोन अथवा एसएमएस के माध्यम से व्यक्तिशः नहीं दी जावेगी।

**प्रभारी** **परीक्षा नियंत्रक** **प्राचार्य**